‘लाडली लक्ष्मी योजना 2.0-आत्मनिर्भर लाडली’

चर्चा में क्यों?

24 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बेटियों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिये **लाडली लक्ष्मी योजना को नए स्वरूप ‘लाडली लक्ष्मी योजना 2.0-आत्मनिर्भर लाडली’ के रूप में लागू करने का निर्णय लिया गया है।**

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि बेटियों के प्रति समाज की मानसिकता में बदलाव लाने के लिये वर्ष 2007 में लागू की गई लाडली लक्ष्मी योजना में वर्तमान में 39.81 लाख से अधिक बेटियाँ जुड़ी हुई हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि **‘लाडली लक्ष्मी योजना 2.0-आत्मनिर्भर लाडली’** में **बालिकाओं के कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में रोज़गार की उपलब्धता, उच्च शिक्षा तथा जीवन के अन्य क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर ज़ोर दिया गया है।** इससे वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकेंगी।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों से आग्रह किया है कि वे शाला में प्रवेश से लेकर निरंतर आगे की कक्षाओं में अग्रसर होते हुए लगन, उत्साह और परिश्रम से 12वीं कक्षा तथा उसके बाद भी अपनी रुचि अनुसार लक्ष्य निर्धारित करते हुए उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करें। इससे अन्य बालिकाओं को भी प्रेरणा मिल सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-laxmi-yojana-2-0-atmanirbhar-ladli